भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
24.07.2024 के
तारांकित प्रश्न सं. 27 का उत्तर

कलबुर्गी में रेल मंडल की स्थापना

***27. श्री राधाकृष्ण:**

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि कलबुर्गी में रेल मंडल की स्थापना के लिए 2014-15 के अंतरिम बजट में बजट स्वीकृत किया गया था;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या उक्त रेल मंडल को स्वीकृति दिए जाने में काफी विलंब हुआ है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस रेल मंडल को स्वीकृति दिए जाने में विलंब के क्या कारण हैं?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (घ): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

****

s.k

कलबुर्गी में रेल मंडल की स्थापना के संबंध में दिनांक 24.07.2024 को लोक सभा में श्री राधाकृष्ण के तारांकित प्रश्न सं. 27 के भाग (क) से (घ) के उत्तर से संबंधित विवरण।

(क) से (घ): 2014-15 के अंतरिम बजट में कलबुर्गी पर रेल मंडल के गठन के लिए कार्य को स्वीकृत नहीं किया गया था।

वर्ष 2014-15 के अंतरिम रेल बजट के दौरान घोषित गुलबर्गा (कलबुर्गी) सहित 3 रेल मंडलों के गठन की व्यवहार्यता का विश्लेषण और समीक्षा करने के लिए वरिष्ठ रेल अधिकारियों की एक समिति गठित की गई थी। इस समिति ने परिचालनिक, वित्तीय, प्रशासनिक और रेल संचालन के अन्य पहलुओं से सभी संगत मुद्‌दों की जांच करने के बाद इन 3 नए रेल मंडलों के गठन के कार्य को औचित्यपूर्ण नहीं पाया। समिति के निष्कर्षों के आधार पर नए मंडल के प्रस्ताव पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

****

s.k